निर्गत शाखा
17/04/26

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 15.04.2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, ढ़ाका के अन्तर्गत Pavement Quality Concrete, Paver Block and RCC Drain Work in Motihari Barnwaghat Chouradano Road from Ch. 24(P) Km. to 25 (P) Km. (Total Length-950.00 Meter) कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026 एवं पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अनिल कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–17.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–958 दिनांक–17.03.2026 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1091(अनु०) दिनांक–06.04.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–06.04.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Pavement Quality Concrete, Paver Block and RCC Drain Work in Motihari Barnwaghat Chouradano Road from Ch. 24(P) Km. to 25 (P) Km. (Total Length-950.00 Meter) |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, ढ़ाका। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹449.29 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–6787(एस०) दिनांक–31.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹413.16 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–2506 दिनांक–11.08.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹394.98767 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 06 (Six) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 17.02.2026 |

2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। प्रथम बार की निविदा में निविदा की प्रक्रिया में त्रुटि होने के कारण विभागीय ज्ञापांक–868(E) दिनांक–05.02.2026 से निविदा को रद्द करने एवं पुनर्निविदा आमंत्रित करने के निदेश के आलोक में पुनर्निविदा आमंत्रित की गई।

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 03 (तीन) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd.

(2) M/s Sharda Construction

(3) M/s Barhonia Engicon Pvt. Ltd.

4. उपभागीय ज्ञापांक–958 दिनांक–17.03.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–17.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में तीन निविदाकारों में से एक निविदाकार यथा M/s Barhonia Engicon Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल एवं शेष दो निविदाकार यथा (1) M/s Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. को SBD के ITB-Cl. 4.5 (A) (c) तथा ITB-Cl. 4.5 (A) (a) के आलोक में एवं (2) M/s Sharda Construction को SBD के ITB-Cl-16 & IFB, ITB-Cl. 4.5 (A) (c), ITB-Cl.4.3 (l) एवं NIT के शुद्धि पत्र कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, ढ़ाका का पत्रांक–165 दिनांक–07.02.2026 से विषयक NIT के शुद्धि पत्र के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।

विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–958 दिनांक–17.03.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–17.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के संदर्भ में विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार Barhonia Engicon Pvt. Ltd. के पत्रांक–BEPL/PAT/03/361 दिनांक–20.03.2026 द्वारा पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा M/s Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध एवं पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा M/s Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–19.03.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1091(अनु०) दिनांक–06.04.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–06.04.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में सफल निविदाकार Barhonia Engicon Pvt. Ltd. के पत्रांक–BEPL/PAT/03/361 दिनांक–20.03.2026 एवं तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/s Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–शून्य, दिनांक–19.03.2026 द्वारा परिवाद समर्पित किया गया है।

## परिवाद की समीक्षा :–

<table>
<tr><th colspan="2">परिवाद</th><th>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा</th><th>परिवाद समिति की अनुशंसा</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>M/s Barhonia Engicon Pvt. Ltd. द्वारा निविदाकार Amar Engicon and construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध प्राप्त परिवादः–<br><br>I would like to Bring to your attention some observations regarding the tenderer. There are some shortcomings that tenderer has withheld that should make the tenderer Non-Responsive.<br><br>1. The tenderer was awarded a few works recently in Rural Works Department, Jharkhand; it needs to be checked whether the work has been show in existing commitment.<br><br>
<table>
<tr><td>Organisation Chain:</td><td>RWD EinCIIRWD CEIIRWD SE, DUMKA. IIRWD EE, SAHEBGANJ.</td></tr>
<tr><td>Tender ID:</td><td>2024_RWD_88157_1</td></tr>
<tr><td>Tender Ref No.</td><td>RWD/SAHEBGANJ/14/2023-24</td></tr>
<tr><td>Tender Title:</td><td>Construction of Road from Karamtola Railway Crossing to Rakshithan (L- 2.074 Km.)</td></tr>
<tr><td colspan="2">AQC</td></tr>
<tr><td>Contract Date:</td><td>24-Dec-2025</td></tr>
<tr><td>Total Contract value:</td><td>INR 27,544,290.29</td></tr>
<tr><td>work completion period in days :</td><td>450</td></tr>
<tr><td>Updated By :</td><td>Devilal Hansda</td></tr>
<tr><td>Updated on :</td><td>24-Dec-2025 01:26 PM</td></tr>
<tr><td>AOC document :</td><td>Karamtola. pdf (748.00 KB)</td></tr>
<tr><td>AOC Description :</td><td>Work Alloted to Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. Deoghar.</td></tr>
</table>
Please check above facts before proceeding to the financial evaluation process.</td>
<td>निविदाकार Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. को Chief Engineer, RWD, Ranchi द्वारा दिनांक–24.12.2025 को कार्य प्रमंडल, साहेबगंज अन्तर्गत Construction of Road from Karamtola Railway crossing to Rakshithan (L- 2.074 Km) [Tender ID 2024_RWD_88157_1] कार्य कुल राशि 2,75,44,290.29 रूपये एवं Work completion period-450 days Award हुआ है। किन्तु इनके द्वारा Existing Commitment में इस कार्य को नहीं Upload किया गया है। उक्त कार्य का सत्यापन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, साहेबगंज के पत्रांक–290 दिनांक–30.03.2026 से किया गया, जिसमें बताया गया कि उक्त कार्य निविदाकार द्वारा किया जा रहा है। अतः इनके द्वारा Misleading & False representation दिया गया है।<br><br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य है।</td>
<td>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत।</td></tr>
</table>

| | | | |
|---|---|---|---|
| **2.** | **M/s Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. द्वारा प्राप्त आपत्तिः–**<br>With reference to the technical evaluation report dated 17.03.2026 for OPRMC Package No. 2B (Motihari-Barnwaghat-Chhauradano Road), we respectfully submit this representation against the disqualification of M/s Amar Engicon & Construction Pvt. Ltd.<br>As per the evaluation proceedings, it has been observed that the bid of M/s Amar Engicon was declared non-responsive on account of shortfall in executed quantity of earthwork and turnover criteria.<br>In this regard, we humbly submit the following for your kind consideration:<br><br>1. Regarding Quantity of Earthwork- M/s Amar Engicon has successfully executed more than 15,665.078 Cum of earthwork during the year 2020-2021 under Railway projects. The certified bills issued by the Railways along with the verification letter were already submitted as part of the technical bid. For ease of reference and clarification, we are again enclosing copies of the same documents with this representation. | निविदाकार द्वारा Senior Divisional Engineer-2, Eastern Railway, Asansol Division द्वारा दिनांक–26.08.2022 (बिना किसी पत्रांक के) को हस्ताक्षरित तीन Completion certificate (Agreement No.-101M/2018-19, 102M/2018-19 एवं 181M/2018-19) Upload किया गया जिसमें वित्तीय वर्ष 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 में निविदाकार द्वारा किये कार्यों की समेकित मात्रा अंकित है, परन्तु वर्षवार मात्रा अंकित नहीं है, जिसे कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, ढ़ाका के पत्रांक– 287 दिनांक– | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 09.03.2026 से निविदाकार द्वारा किये गये कार्य की मात्रा वर्षवार उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। किन्तु Senior Divisional Engineer-2, Eastern Railway, Asansol Division के पत्रांक– 0/AC/B/C.V./Misc./25-26 दिनांक– 13.03.2026 से वर्षवार कार्य मदों की मात्रा नहीं दिया गया है।<br>अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य है। | | |
| | 2. Regarding Turnover Criteria- The turnover submitted by M/s Amar Engicon pertains strictly to civil works, in compliance with the tender requirements. The relevant turnover certificate was duly submitted in the bid. A copy of the same is once again attached herewith for your ready reference.<br>In light of the above clarifications and supporting documents already submitted, it is respectfully requested that the evaluation of our bid may kindly be reconsidered. The disqualification appears to be due to an inadvertent oversight of the submitted credentials.<br>We sincerely request your good office to review our technical bid objectively and allow participation in the financial bid, ensuring fair competition and adherence to the principles of | निविदाकार द्वारा Uploaded Annual Turnover Certificate, UDIN-2531653ZZC9KSGCJOU दिनांक–30.11.2025 जो कि असंगत है, जिसका online सत्यापन नहीं किया जा सकता है। इनके द्वारा Uploaded अन्य सभी Annual Turnover Document Civil Contract Work से संबंधित नहीं है।<br>अतः इनका आपत्ति अमान्य है। | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | transparency in tendering.<br>We shall be grateful for your kind consideration and a positive decision in this regard. | | |

7. <u>परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–</u>

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त निविदाकार Barhonia Engicon Pvt. Ltd. के पत्रांक–BEPL/PAT/03/361 दिनांक– 20.03.2026 द्वारा दिये गये परिवाद को मान्य करते हुए निविदाकार M/s Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. को ITB Cl.- 4.8 (Misleading & False representation) के आलोक में भी असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है तथा निविदाकार M/S Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–19.03.2026 द्वारा दिए गए आपत्ति को अमान्य करते हुए उपभागीय ज्ञापांक– 958 दिनांक–17.03.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–17.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय को यथावत रखने हेतु अनुशंसा की जाती है। इस प्रकार पुनर्निविदा में एकल निविदाकार के सफल होने के फलस्वरूप बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम– 163 के आलोक में सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु अनुशंसा की जाती है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा **Barhonia Engicon Pvt. Ltd.** के पत्रांक–**BEPL/PAT/03/361** दिनांक–20.03.2026 द्वारा पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा **M/s Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd.** के विरूद्ध दिए गए परिवाद को मान्य किया जाता है एवं पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा **M/s Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd.** के पत्रांक–शून्य दिनांक–19.03.2026 द्वारा दिए गए परिवाद को अमान्य किया जाता है।

(ii) 02 (दो) निविदाकार यथा (1) **M/s Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd.** को **SBD** के **ITB-Cl. 4.5 (A) (c), ITB-Cl. 4.5 (A)(a)** एवं **ITB Cl.-4.8 (Misleading & False representation)** के आलोक में तथा (2) **M/s Sharda Construction** को **SBD** के **ITB-Cl-16, ITB-Cl. 4.5 (A) (c), ITB-Cl.4.3 (l)** एवं **ITB-Cl.4.7** के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

(iii) शेष एकल निविदाकार यथा **Barhonia Engicon Pvt. Ltd.** को बिहार लोक निर्माण संहिता–163(3) के तहत् पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है। तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–958 दिनांक–17.03.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–17.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(vi) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.2 निविदाकार **M/s Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd.** के द्वारा गलत सूचना **Upload** कर निविदा की अर्हत्ता प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। तद्नुसार निविदाकार **M/s Amar Engicon and Construction Pvt. Ltd.** के विरूद्ध पथ निर्माण विभाग के अधिसूचना–5737(S) दिनांक–07.05.2007 द्वारा अधिसूचित बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के तहत् कार्रवाई किया जाय।

8.3 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| (सुनील कुमार सुमन) | (राजेश कुमार गुप्ता) | (अनिल कुमार सिंह) | (उमा कान्त रजक) |
|---|---|---|---|
| मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–219/2025 2587 (E) पटना, दिनांक 17/4/26

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।